# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, धौलपुर

पीठासीन अधिकारी :— हरि राम मीना, आर.ए.एस.

अपील संख्याः— 73 / 2025 (75 एल.आर.एक्ट.)

उनवान

1. पप्पू पुत्र श्री राजाराम उम्र 42 साल जाति लोधा निवासी बहादुरपुर तहसील व जिला धौलपुर

..........................**अपीलार्थीगण**

बनाम

2. सरकार जरिए तहसीलदार तहसील धौलपुर।

..........................**रेस्पोडेन्ट**

उपस्थितः—

1. श्री रंजीत सिंह लोधा अभिभाषक अपीलार्थी।
2. राजकीय पेरोकार रेस्पोडेन्ट की ओर से।

::: निर्णय :::

दिनांकः—11.07.2025

अतिरिक्त जिला कलक्टर धौलपुर (राज0)

यह अपील न्यायालय तहसीलदार धौलपुर के मुकदमा नं0 252 / 2024 उनवानी सरकार बनाम पप्पू निर्णय दिनांक 17.03.2025 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है।

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि हल्का पटवारी पटवार हल्का जाटौली द्वारा तहसीलदार धौलपुर को इस आशय की रिपोर्ट पेश की गई कि पप्पू पुत्र राजाराम लोधा सा.देह द्वारा राजस्व ग्राम बहादुरपुर में संवत् 2081 खसरा नं0 430 / 152 रकबा 13.08 विस्वा किस्म चारागाह पर नाजायज कब्जा कर रकवा 0.05 विस्वा जिन्स गेहूं पर पश्चातवर्ती अनाधिकृत कब्जा काश्त किया है, कानूनी कार्यवाही की जावें । न्यायालय तहसीलदार नें गैरसायल के विरूद्ध एल.आर.एक्ट 1956 की धारा 91 में मु0नं0 252 / 2024 उनवान सरकार बनाम पप्पू दर्ज किया जाकर, वर्णित धारा 91(2) के तहत 60 दिवस के सिविल कारावास एवं लगान 0.50 का पचास गुना 25 रूपये शास्ति के दण्डित किया जाकर बेदखली के आदेश पारित किए गए । इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है ।

अपील में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार धौलपुर ने आराजी खसरा नम्बर 430 / 152 रकवा 13.08 विस्वा में से 0.05विस्वा ग्राम बहादुरपुर किस्म चारागाह भूमि पर सम्वत् 2081 रवी की फसल जोत बोकर पश्चातवर्ती अतिकमी बताकर एक पक्षीय रूप से अपीलांट को बिना सुनवाई का अवसर दिये अपीलांट को 60 दिवस का सिविल कारावास एवं 25 रूपये शास्ति से दण्डित किया है ।

